SOCIOLOGY (OPTIONAL) — PAPER II

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2018

समाजशास्त्र (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र II

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/sociology/paper-2/2018.

10-MARK QUESTIONS

16 questions

1. Discuss the issues relating to the entitlement of transgender in Indian society. **10**
भारतीय समाज में हिजड़ा/किन्नर (ट्रांसजेन्डर) की हकदारी से सम्बन्धित मुद्दों की विवेचना कीजिए।

2. How do the recommendations of Swaminathan Commission (2004-2006) ensure food and nutrition security for the Indian masses? **10**
स्वामीनाथन आयोग (2004-2006) की सिफारिशें किस प्रकार भारतीय जनता के लिए भोजन एवं पोषण की सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं?

3. Assess the role of the State in promoting education of girl child. **10**
बालिका की शिक्षा के उन्नयन में राज्य की भूमिका का आकलन कीजिए।

4. Media is the fourth pillar of democracy. Discuss. **10**
मीडिया लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ है। विवेचना कीजिए।

5. Give a critical analysis of Andre Beteille's study of Tanjore village. **10**
आंद्रे बेतेइ के तंजौर गाँव के अध्ययन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

6. Explain the dynamics of neo-farmers' movement in contemporary India. **10**
समकालीन भारत में नव्य किसान आन्दोलन की गत्यात्मकता को समझाइए।

7. Write a note on the changing roles of middle-class women in India. **10**
भारत में मध्यवर्गीय महिलाओं की परिवर्तित हो रही भूमिकाओं पर एक टिप्पणी लिखिए।

8. Construct a sociological narrative on the increasing trend of child abuse in India. **10**
भारत में बाल उत्पीड़न की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर समाजशास्त्रीय विवेचन की रचना कीजिए।

9. Illustrate the importance of 'Kanyadan' and 'Kulabadhu' in changing institutions of marriage and family. **10**
विवाह एवं परिवार की परिवर्तित हो रही संस्थाओं में 'कन्यादान' एवं 'कुलवधू' के महत्त्व की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

10. Elaborate the concept of constitutional morality as given by B. R. Ambedkar. **10**
बी० आर० अम्बेडकर द्वारा प्रस्तुत संवैधानिक नैतिकता की संकल्पना को सविस्तार प्रतिपादित कीजिए।

11. Discuss the growth of religious sects in India. **10**
भारत में धार्मिक पन्थों की वृद्धि की विवेचना कीजिए।

12. Write a note on G. S. Ghurye's Indological perspective of understanding Indian society. **10**
भारतीय समाज को समझने का जी० एस० घूर्य के भारतविद्याई परिप्रेक्ष्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

13. Elaborate the 'Me Too' Movement and its impact in India. **10**
'मैं भी (मी टू) आन्दोलन एवं भारत में उसके प्रभाव को सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

14. With increase in education and economic development is Indian society becoming more secular? **10**
क्या शिक्षा में वृद्धि और आर्थिक विकास के द्वारा भारतीय समाज और अधिक धर्मनिरपेक्ष हो रहा है?

15. Assess the impact of ban on 'Triple Talak' on marriage and divorce among the Muslim community in India. **10**
भारत में मुस्लिम समुदाय में, विवाह एवं विवाह-विच्छेद पर 'तीन तलाक' पर प्रतिबन्ध के प्रभाव का आकलन कीजिए।

16. Write a note on Basic Services to Urban Poor (BSUP) and Integrated Housing and Slum Development (IHSD) programmes provided for the urban poor. **10**
नगरीय निर्धनों के लिए प्रदान की गई 'नगरीय निर्धनों के लिए आधारिक सेवाएँ (बी० एस० यू० पी०)' और 'एकीकृत आवासन और गंदीबस्ती सुधार (आई० एच० एस० डी०)' कार्यक्रमों पर एक टिप्पणी लिखिए।

20-MARK QUESTIONS

12 questions

17. Examine sociological dynamics of Champaran Peasant Movement in colonial India. **20**
औपनिवेशिक भारत में चम्पारण किसान आन्दोलन की समाजशास्त्रीय गत्यात्मकता का परीक्षण कीजिए।

18. Discuss development-induced displacement in the context of tribal uprising in India. Substantiate your answer with any one detailed illustration from India. **20**
भारत में जनजातीय विद्रोह के संदर्भ में, विकास-प्रेरित विस्थापन पर चर्चा कीजिए। भारत से सम्बन्धित किसी एक विस्तृत उदाहरण के द्वारा अपने उत्तर को पुष्ट कीजिए।

19. Analyze A. R. Desai's views on India's path of development. **20**
भारत के विकास के पथ पर ए० आर० देसाई के विचारों का विश्लेषण कीजिए।

20. How has the New Economic Policy (1991) affected the lifestyle and life-chances of new middle class in India? **20**
नवीन आर्थिक नीति (1991) ने किस प्रकार भारत में नवीन मध्यवर्ग की जीवन-शैली एवं जीवन-अवसरों को प्रभावित किया है?

21. What do you understand by discrete castes and muddled hierarchies? Substantiate your answer with suitable illustrations. **20**
विविक्त जातियों और संभ्रमित सोपानों से आप क्या समझते हैं? अपने उत्तर में उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा पुष्ट कीजिए।

22. Write a critical narrative on the concerns of religious minorities in India. **20**
भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की चिन्ताओं पर एक समालोचनात्मक लेख लिखिए।

23. How do you relate the growth of development of metropolis and its impact on the mental and social life of people in India? **20**

भारत में महानगरों के विकास की संवृद्धि और भारत के लोगों के मानसिक एवं सामाजिक जीवन पर इसके प्रभाव को आप किस प्रकार सम्बद्ध करते हैं?

24. Western patriarchy which surrenders feminine principles is the new development project in India. Do you agree with this view? Why? **20**

पश्चिमी पितृसत्ता, जो नारीवादी सिद्धान्तों को त्याग देता है, भारत में एक नई विकास परियोजना है। क्या आप इस विचार से सहमत हैं? क्यों?

25. What are the issues relating to male migration and its impact on birthrate? Does it necessarily result in skewed sex ratio? **20**

पुरुषों के प्रवसन से सम्बद्ध कौन-कौन से मुद्दे हैं और इनका जन्मदर पर क्या प्रभाव होता है? क्या आवश्यक रूप से इसका परिणाम विषम लैंगिक अनुपात होता है?

26. Has caste system hindered democracy and adult franchise in India? Discuss. **20**

क्या भारत में जाति व्यवस्था ने लोकतन्त्र एवं वयस्क मताधिकार में बाधाएँ डाली हैं? विवेचना कीजिए।

27. Has 'Green Revolution' led to the formation of new power elite in rural India? Elaborate your answer. **20**

क्या 'हरित क्रान्ति' ने ग्रामीण भारत में नए शक्ति अभिजात वर्ग के विस्तरण को उत्पन्न किया है? अपने उत्तर की सविस्तार व्याख्या कीजिए।

28. Elaborate various forms of Dalit assertions in contemporary India. What are its implications on the Indian political system? **20**

समकालीन भारत में दलित आग्रहिताओं के विभिन्न स्वरूपों को सविस्तार स्पष्ट कीजिए। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर इसके क्या निहितार्थ हैं?